Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اسْتَجِيْبُوْا لِلّٰهِ وَلِلرَّسُوْلِ اِذَا دَعَاكُمْ لِمَا يُحْيِيْكُمْ

(सूरः अन्फ़ाल : 25)

अनुवाद : हे वे लोगों जो ईमान लाए हो अल्लाह और उसके रसूल की आवाज़ पर लब्बेक कहा करो जब वह तुम्हें बुलाए ताकि वह तुम्हें जीवित करे।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 9
अंक 1-3

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

05 रजब 1445 हिज्री कमरी, 18 सुलह 1403 हिज्री शम्सी, 4-18 जनवरी 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

ख़ुत्बः जुमअः

यदि ख़ुदा की विशेष सहायता शामिल न होती और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जागृत बुद्धि मुस्लमानों को हर वक़त होशयार और चौकस न रखती और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम दुश्मन की जमईयत को छापा मारने से पूर्व ही मुंतशिर कर देने की तदाबीर इख़तेयार न करते तो उन दिनों में मुस्लमानों की तबाही और बर्बादी में कोई संदेह नहीं था

जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जन्नतुल्-बक़ी को मुस्लमानों के क़ब्रिस्तान के लिए चुन लिया तो उसके बाद से आज तक उसे एक अलग और विशेष हैसियत हासिल रही है जो सदैव रहेगी

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो बिन मज़उन पहले मुहाजिर थे जो मदीना में फ़ौत हुए

हज़रत उस्मान बिन मज़उन रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात का आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को बहुत सदमा हुआ और रिवायत आती है कि वफ़ात के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनके माथे पर बोसा दिया और उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आँखें भीगी हुई थीं

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बेटी हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात और हज़रत उस्मान ग़नी रज़ियल्लाहु अन्हु से हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा के निकाह और फिर उनकी वफ़ात का वर्णन

एक रिवायत में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात पर फ़रमाया यदि मेरी कोई तीसरी बेटी होती तो मैं उस की शादी भी उस्मान से करवा देता

ग़ज़व-ए-बनी ग़त्फ़ान, ग़ज़व-ए-बोहरान और सरिया बनू हारिसा समेत इस्लाम के इतिहास से सन् दो और तीन हिज्री के कुछ वाक़ियात का वर्णन

फिलिस्तीन के उत्पीड़ित लोगों के लिए दुआ की पुनः तहरीक

अधिकतर बड़ी हुकूमतें और सियास्तदान भी फिलिस्तीनियों की जानों को कोई महत्त्व नहीं दे रहे। उनके अपने लाभ हैं लेकिन बहरहाल उन लोगों को भी याद रखना चाहिए कि अल्लाह तआला भी एक वक़्त तक ढील देता है और केवल यही दुनिया नहीं, अगला जहान भी है हमें भी दुआओं की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए। अल्लाह तआला उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों की न्याय करते हुए उन्हें इन ज़ुल्मों से निजात दिलवाए

श्रीमती मंसूरा बासमा साहिबा पत्नी हमीदुर्रहमान ख़ान साहब और श्रीमान चौधरी रशीद अहमद साहिब साबिक़ डिप्टी रजिस्ट्रार खेती यूनीव-र्सिटी फैसलाबाद की विशेषताओं का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 10 नवंबर 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जीवनी के हवाले से बदर के फ़ौरी बाद वाक़ियात का मैं वर्णन कर रहा था। इस हवाले से दो हिज्री के अहम वाक़ियात में से एक मदीना के क़ब्रिस्तान जन्नतुल्-बक़ी का क़याम भी है। जन्नतुल्-बक़ी की बुनियाद और आरंभ के बारे में जो तफ़सील मिली है वह इस तरह है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के मदीना में वरूद के बाद वहां बहुत से क़ब्रिस्तान थे। यहूदियों के अपने क़ब्रिस्तान हुआ करते थे जबकि अरबों के विभिन्न क़बायल के अपने अपने क़ब्रिस्तान हुआ करते थे। मदीना तय्यबा चूँकि उस वक़्त विभिन्न इलाक़ों

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

में बटा हुआ था इसलिए हर क़बीला अपने ही इलाक़े में खुली जगह पर अपनी मय्यतों को दफ़ना देता था। क़बा का अलग क़ब्रिस्तान था जो ज़्यादा प्रसिद्ध था जबकि वहां छोटे-छोटे कई और क़ब्रिस्तान भी थे। क़बीला बनू ज़फ़र का अपना क़ब्रिस्तान था। बनू सल्मा का अपना अलग क़ब्रिस्तान था। अन्य क़ब्रिस्तानों में बनू साअदा का क़ब्रिस्तान था जिसकी जगह बाद में सोकुल्-न्नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़ायम हुआ। जिस जगह पर मस्जिदे नब्वी निर्माण हुई वहां भी ख़जूरों के झुण्ड में चंद मुशरेकीन की क़ब्रें थीं। इन समस्त क़ब्रिस्तानों में बक़ीउल ग्रकद सबसे पुराना और प्रसिद्ध क़ब्रिस्तान था और फिर जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे मुस्लमानों के क़ब्रिस्तान के लिए निर्धारित कर लिया तो उसके बाद से आज तक उसे एक अलग और विशेष हैसियत हासिल रही है जो हमेशा रहेगी।

हज़रत अबैदुल्लाह बिन अबी राफ़े रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्वी है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम किसी ऐसी जगह की तलाश में थे जहां केवल मुस्लमानों की क़ब्रें हों और इस उद्देश्य से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने विभिन्न जगहों को मुलाहिज़ा भी फ़रमाया। जाके देखा। यह फ़ख़र बक़ी-उल गरक़द के हिस्सा में लिखा था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि मुझे हुक्म हुआ है कि मैं इस जगह को अर्थात बक़ी-उल गरक़द को चुन लो। उसे इस दौर में बक़ी-उल खब्खबा भी कहा जाता था। इस में बेशुमार ग़र्कद के दरख़्त और जंगली झाड़ियाँ हुआ करती थीं। मच्छरों और अन्य ज़मीन के जानवरों की इस जगह पर भरमार थी और मच्छर जब इस जगह गंदगी की वजह से या जंगल की वजह से उड़ते थे तो ऐसा लगता था कि धुएं के बादल छा गए हैं। वहां सबसे पहले जिनको दफ़न किया गया वह हज़रत उस्मान बिन मज़उन रज़ियल्लाहु अन्हो थे।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी क़ब्र के सिरहाने एक पत्थर निशानी के तौर पर रख दिया और फ़रमाया यह हमारे पहले वाले हैं। उनके बाद जब भी किसी का देहांत होता तो लोग आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से पूछते कि उन्हें कहाँ दफ़न किया जाए? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते कि हमारे पहले वाले उस्मान बिन मज़उन के क़रीब बक़ीअ में दफ़न करो। बक़ीअ अरबी में ऐसी जगह को कहते हैं जहां दरख़्तों की संख्या अधिक हो। बहुत ज़्यादा दरख़्त हों। बहरहाल मदीना तय्यबा में इस मुक़ाम को बक़ी-उल गरक़द के नाम से जाना जाने लगा क्योंकि वहां ग़र्कद के दरख़्तों की अधिकता थी जैसा कि मैंने बताया। इसके इलावा वहां अन्य ख़ुद-रौ सहराई झाड़ियाँ भी बहुत ज़्यादा थीं। उसे जन्नतुल्--बक़ी भी कहा जाता है। जन्नत का लफ़्ज़ जो है इसका अरबी में एक अर्थ बाग़ या फ़िर्दोस के भी इसलिए यह जगह ज़्यादा-तर अजमी ज़ायरीन में जन्नतुल्-बक़ी के नाम से जानी जाती है।

अब्दुल हमीद कादरी साहिब हैं उन्होंने यह तफ़सील लिखी है। फिर कहते हैं कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अरब साधारणतः अपने मक़ाबिर और क़ब्रिस्तानों को जन्नत ही कह कर पुकारते हैं। इसका एक नाम मक़ाबिरुल बक़ीअ भी है जो अरबियों में ज़्यादा प्रसिद्ध है

(उद्धृत जुस्तजू-ए मदीना अज़ अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 598 प्रकाशन ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् लाहौर पाकिस्तान 2007 ई.)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस बारे में सीरत ख़ातिम नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में जो वर्णन किया है वह इस तरह है कि "इसी साल के आख़िर में" अर्थात दो हिज्री में "आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए मदीना में एक मक़बरा तजवीज़ फ़रमाया जिसे जन्नतुल्-बक़ी कहते थे। इस के बाद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो साधारणतः इसी मक़बरा में दफ़न होते थे। सबसे पहले सहाबी जो इस मक़बरा में दफ़न हुए वह उस्मान बिन मज़उन रज़ियल्लाहु अन्हो थे। उस्मान बहुत आरंभिक मुस्लमानों में से थे और निहायत नेक और आबिद और सूफ़ी मुनश आदमी थे। मुस्लमान होने के बाद एक दफ़ा उन्होंने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से अर्ज़ किया कि हुज़ूर! मुझे इजाज़त मर्हमत फ़रमाएं तो मैं चाहता हूँ कि बिल्कुल संसारिक वस्तुए त्याग कर और बीवी बच्चों से अलैहदगी इख़्तेयार करके अपनी ज़िंदगी विशेषता इबादत-ए--इलाही के लिए वक़्फ़ कर दूँ। परंतु आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस की इजाज़त नहीं दी। बल्कि जो लोग संसार त्यागा नहीं करते थे लेकिन रोज़ा और नमाज़ की इस क़दर कसरत करते थे कि इस से उन के परिजनों के हुक़ूक़ पर प्रबाव पड़ता था उनके मुताल्लिक़ भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि तुम्हें चाहिए कि ख़ुदा का हक़ ख़ुदा को दो। बीवी बच्चों का हक़ बीवी बच्चों को दो। मेहमान का हक़ मेहमान को दो और अपने नफ़्स का हक़ नफ़्स को दो क्योंकि ये सब हुक़ूक़ ख़ुदा के निर्धरित किए हुए हैं और उनकी अदायगी इबादत में दाख़िल है।' इन हुक़ूक़ की अदायगी भी इबादत में दाख़िल है। "अल्-ग़र्ज़ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमने उस्मान बिन मज़उन रज़ियल्लाहु अन्हो को संसार त्यागने की इजाज़त नहीं दी और इस्लाम में एकांत जीवन-यापन करने की हालत और संन्यास लेने को नाजायज़ क़रार देकर अपनी उम्मत के लिए प्राचुर्य और आलस्य और बेपरवाही के मध्य एक मध्य का मार्ग क़ायम कर दिया। उस्मान बिन मज़उन रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात का आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को बहुत सदमा हुआ और रिवायत आती है कि वफ़ात के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनकी माथे पर बोसा दिया और इस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आँखें भीगी हूई थीं। उनके दफ़नाए जाने के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमने उनकी क़ब्र के सिरहाने एक पत्थर बतौर निशान के नसब करवा दिया और फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम कभी कभी जन्नतुल्-बक़ी में जाकर उनके लिए दुआ फ़रमाया करते थे।

उस्मान पहले मुहाजिर थे जो मदीना में फ़ौत हुए।

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पृष्ठ 462-463)

अब में ग़ज़व-ए-ज़ीअम्र या गज़व-ए-बनी ग़तफ़ान् का वर्णन भी करता हूँ। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को यह सूचना मौसूल हुई कि ग़त्फ़ान क़बीले की शाख़ बनू सालबा और बनु महारिब, ज़ी अम्र मक़ाम पर इकट्ठे हुए हैं। यह ग़त्फ़ान के इलाक़े में एक बस्ती है। उनका इरादा यह है कि रियासत-ए-मदीना के इर्द-गिर्द के इलाक़ों पर हमला करें। इन सबकी जत्था बंदी करने और मुस्लमानों के ख़िलाफ़ भड़काने वाला बनू मुहारिब का एक शख़्स दोसूर बिन् हारिस था। यह ख़बर पाते ही रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने लोगों को तैयारी करने का हुक्म दिया और साढ़े चार-सौ सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का लश्कर लेकर मदीना से रवाना हुए। उनके पास चंद घोड़े भी थे और मदीना में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान बिन अफ़्फान रज़ियल्लाहु अन्हो को अपना क़ायमक़ाम निर्धारित फ़रमाया।

(अल्सीरतुल हल् बिया भाग 2 पृष्ठ 290 दारुल कुतुब इल्मिया)

(सबलुल् हुदा वल्रिशाद भाग 4 पृष्ठ 176 दारुल कुतुब इल्मिया)

माह रबी-उल् अव्वल तीन हिज्री में ग़ज़व-ए-ग़त्फ़ान पेश आया। बारह रबी-उल् अव्वल को आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम इस ग़ज़वा के लिए रवाना हुए। ग्यारह दिन अहल-ए-मदीना को आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जुदाई बर्दाश्त करनी पड़ी जिसके बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चौबीस रबी-उल् अव्वल को वापस मदीना तशरीफ़ ले आए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ग़त्फ़ान की सरकूबी के लिए ग़त्फ़ान के हाँ जिस जगह पड़ाव किया उसका नाम ज़ी-अमर था। इसी वजह से इस ग़ज़वा को ग़ज़व-ए-ज़ी-अमर और ग़त्फ़ान क़बीले की बिना पर उसे ग़ज़व-ए-बनू ग़त्फ़ान भी कहा जाता है।

(अल् सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 290 दारुल कुतुब इल्मिया)

(उद्धृत दायरा मारिफ़ सीरत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भाग 6 पृष्ठ 367-368 मकतबा दारुल मारूफ़, लाहौर

मुशरेकीन की जत्था बंदी के ख़िलाफ़ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की रवानगी की तफ़सील में यूं लिखा है कि मदीना से रवाना होने के बाद सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हो को ज़ुल् किस्सा के स्थान पर बनू सालबा का एक शख़्स मिला। ज़ुल् किस्सा रबाज़ह के रास्ते पर मदीना से चौबीस मील की दूरी पर था। उस शख़्स का नाम जब्बार था। सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हो ने उसे गिरफ़्तार कर लिया और उसे पूछा कि कहाँ का इरादा है। उसने कहा यसरब जाना चाहता हूँ और अपने रोज़गार की तलाश के लिए जा रहा हूँ तो उसको नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास लाया गया। उसने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपनी क़ौम के हालात से आगाह किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे इस्लाम की दावत दी तो वह तुरंत मुस्लमान हो गया। जब उसे आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरादे का इलम हो हुआ कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बनु सालबा और बनु महारिब पर चढ़ाई के लिए निकले हैं तो उसने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में निवेदन किया कि हे मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वे हरगिज़ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का सामना नहीं करेंगे। यदि उन्हें आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आमद के बारे में पता चल गया तो वे भाग कर पहाड़ों की चोटियों पर चढ़ जाऐंगे। मदीना के इर्द-गिर्द तो बेशक हमला करना चाहते थे लेकिन सामना नहीं करेंगे मुस्लमानों का। और कहा कि मैं भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ चलता हूँ। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जब्बार को बिलाल के सपुर्द कर दिया। वह शख़्स मुस्लमानों को एक

दूसरे रास्ते से लेकर चला और उनके इलाक़े में ले आया। वहां मौजूद लोगों ने जब इस्लामी लश्कर आते देखा तो वे सब निकल भागे और पहाड़ों पर जा चढ़े। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पेशक़दमी करते हुए ज़ी-अमर नामी स्रोत पर पहुंचे। वहां पड़ाव डाला। अचानक वहां बहुत तेज़ बारिश शुरू हो गई और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हो के कपड़े भीग गए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने गीले कपड़े सूखने के लिए दरख़्त पर डाल दिए और ख़ुद इस दरख़्त के नीचे लेट गए। दूसरे सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हो अपने अपने कामों में व्यस्त थे। यहीं नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को शहीद करने की नापाक कोशिश की गई थी। इस बारे में लिखा है जो तलवार सौंतने वाले शख़्स की घटना आती है। ये लोग जो पहाड़ों की चोटियों में छिप गए थे वे ऊपर से पहाड़ों पर से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सारी नक़ल-ओ-हरकत देख रहे थे। मुशरिकों ने जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को एक जगह तन्हा लेटे हुए देखा तो वे अपने सरदार दोअसूर के पास आए। यह शख़्स उनमें सबसे ज़्यादा बहादुर था। मुशरिकों ने उसे कहा कि इस वक़्त मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बिल्कुल अकेले लेटे हुए हैं। अब ये तुम्हारा काम है कि उनसे निमट लो। एक रिवायत में यूं है कि ख़ुद दोअसूर जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को वहां तन्हा लेटे हुए देखा तो उसने कहा कि यदि इस वक़्त भी मैं मुहम्मद (सल्लल्लाहो वसल्लम) को क़तल न करूँ तो अल्लाह ख़ुद मुझे हलाक कर दे। बहरहाल यह कह कर दोअसूर तलवार सोंतते हुए चला और बिल्कुल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सिरहाने पहुंच कर रुका। फिर अचानक उसने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को संबोधित कर के कहा। आज, या यह कहा कि अब आप को मेरे हाथ से कौन बचा सकता है? आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने संतोष के साथ फ़रमाया : अल्लाह मुझे तुमसे बचाएगा।

इस पर वह् ज़मीन पर गिर गया और तलवार उसके हाथ से गिर गई। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़ौरन उसकी तलवार उठा ली और उसे फ़रमाया अब तुम्हें मुझसे कौन बचाएगा? इस पर दोअसूर ने कहा لَا أَحَدٌ، وَأَنَا أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللّٰهِ، وَاللّٰهِ لَا أُكَثِّرُ عَلَيْكَ جَمْعًا أَبَدًا कोई भी नहीं। मुझे तो अब कोई नहीं बचा सकता और मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई उपासना के योग्य नहीं और मुहम्मद अल्लाह के रसूलुल्लाह हैं। अल्लाह की क़सम! भविष्य में मैं कभी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ख़िलाफ़ लोगों की जत्था बंदी नहीं करूँगा। यह उसने अह्द किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसकी तलवार उसी को इनायत फ़र्मा दी और एक रिवायत में है कि दोअसूर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तरफ़ मुतवज्जा हो कर अर्ज़ करने लगा। अल्लाह की क़सम! आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम एहसान करने के मुआमले में मुझ से बेहतर हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उत्तर में फ़रमाया कि أَنَا أَحَقُّ بِذٰلِكَ مِنْكَ मैं तुमसे इस बात का ज़्यादा हक़दार हूँ कि एहसान करूँ और दोअसूर अपनी क़ौम की तरफ़ लौट आया लेकिन उसका हाल ही बदला हुआ था और वह अपनी क़ौम को तब्लीग़ कर रहा था। दोअसूर ने वाक़िया वर्णन किया कि मेरे साथ क्या हुआ था, किस तरह मैं गिर गया। वह गिरने के वाक़िया को इस तरह वर्णन करता है कि कहता है कि मैंने वहां एक लंबे क़द के आदमी को देखा। जब मैं वहां तलवार सौंत के खड़ा था तो मैंने देखा एक बहुत लंबे क़द वाला आदमी वहां आया है। उसने मेरे सीने को धक्का दिया तो मैं पीठ के बल गिर गया, हाथ मारा उसने तो मैं पीठ के बल गिर गया। तब मैंने जान लिया कि यह कोई इन्सान नहीं है, यह तो कोई फ़रिश्ता है। इसलिए मैंने उसी वक़्त इक़रार कर लिया कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह के रसूलुल्लाह हैं। कहता है अल्लाह की क़सम मैं उनके ख़िलाफ़ कभी कोई जुंबिश नहीं करूँगा। इसके बाद वह अपनी क़ौम को इस्लाम की दावत देने लगे। अल्लाह तआला ने उनके ज़रीया से बहुत से लोगों को हिदायत अता फ़रमाई। बहरहाल उसके बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना वापस तशरीफ़ ले आए और कहीं कोई मुक़ाबला नहीं हुआ। इस ग़ज़वा के लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमकल ग्यारह दिन मदीना से बाहर रहे और एक क़ौल के अनुसार पंद्रह दिन मदीना से बाहर रहे और अबू उमर कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नजद में सिफ़र का पूरा महीना रहे। बहरहाल यह विभिन्न रिवायतें हैं लेकिन यह चंद दिन का ही था।

कुछ उल्मा ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर तलवार सौंतने का ऊपर वर्णन किया हुआ वाक़िया जो है आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर जो क़ातिलाना हमला था, इसको ग़ज़व-ए-ज़ातुल् रिकाअ का वाक़िया क़रार दिया है और उसे एक ही वाक़िया तस्लीम किया है लेकिन अक्सर शोधकर्ताओं ने कहा है कि ये दोनों वाक़ियात दो अलग-अलग ग़ज़वात के हैं। ग़ज़व-ए-ज़ातुल् रिकाअ के अवसर पर हमला करने वाले शख़्स का नाम ग़ौरस भी वर्णन हो रहा है और इसके बारे में यह भी कहा जाता है कि उसने इस्लाम क़बूल कर लिया था और यह भी है कि इस्लाम क़बूल नहीं किया था। जबकि उसने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह अह्द किया था कि आइन्दा कभी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के मुक़ाबिल पर नहीं आएगा। बुख़ारी की भी यह रिवयत है।

(उद्धृत अल् सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 290 दारुल कुतुब इल्मिया)
(सबलुल् हुदा वल्रिशाद भाग 4 पृष्ठ 176 दारुल कुतुब इल्मिया)
(सीरत इन्साईक्लो पीडीया भाग 6 पृष्ठ 71 मकतबा दारुल मारूफ़)
(शरह अल् ज़रक़ानी भाग 2 पृष्ठ 381-382 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)
(सही अल् बुख़ारी किताब अल्मग़ाज़ी बाब ग़ज़व उल् रिकाअ हदीस 4136)

इस अरसा के वाक़ियात में एक वाक़िया यह भी है कि हज़रत रुकय्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात हुई और हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी हुई जिसकी तफ़सील इस प्रकार है जो अब्दुल्लाह बिन मुकन्निफ़ बिन हरिसा अंसारी ने वर्णन की है कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ग़ज़व-ए-बदर के लिए रवाना हुए तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो को अपनी बेटी हज़रत रुकय्या रज़ियल्लाहु अन्हा के पास छोड़ा। वह बीमार थीं और उन्होंने इस रोज़ वफ़ात पाई जिस दिन हज़रत ज़ैद बिन हारिस रज़ियल्लाहु अन्हो मदीना की तरफ़ फ़तह की ख़ुशख़बरी लेकर आए जो अल्लाह तआला ने बदर में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अता फ़रमाई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए बदर के माल-ए-ग़नीमत में हिस्सा निर्धारित फ़रमाया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का हिस्सा जंग-ए-बदर में शामिल होने वालों के बराबर था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत रुकय्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात के बाद हज़रत उस्मान बिन अफ़्फान रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ अपनी साहबज़ादी हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी दी।

(अल् तबकातुल कुबरा ले इब्ने साद, भाग 3, पृष्ठ 41 वर्णन इस्लाम उस्मान बिन अफ़्फान, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 1990 ई.)

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो से मस्जिद के दरवाज़े पर मिले और फ़रमाने लगे कि उस्मान यह जिबरईल हैं उन्होंने मुझे ख़बर दी है कि अल्लाह तआला ने उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा का निकाह रुकय्या रज़ियल्लाहु अन्हा जितने हक़ महर पर और उससे तुम्हारे हुस्न-ए-सुलूक पर तुम्हारे साथ कर दिया है। (सुंन इब्ने माजा इफ़्तिताह अल्-किताब फ़ज़ल उस्मान रज़ी अलल्लाआ अन्ना हदीस नंबर 110) वही जो रुक़य्या का हक़ महर था उसी पर तुम्हारे साथ निकाह कर दिया है। अर्थात दूसरी बेटी का निकाह भी अल्लाह तआला ने कहा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो से कर दिया जाए।

हज़रत आयश रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन फ़रमाया कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो से की तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत उम्मे अयमन रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया : मेरी बेटी उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा को तैयार करके उस्मान के हाँ छोड़ आओ और इसके सामने दफ़ बजाओ। इसलिए उन्होंने ऐसा किया।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तीन दिन के बाद हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा के पास तशरीफ़ लाए और फ़रमाया हे मेरी प्यारी बेटी तुमने अपने पति को कैसा पाया? उम्मे कुलसूम ने अर्ज़ किया वह बेहतरीन पति हैं

(सीरत अमीरुल मोमेनीन उस्मान बिन अफ़्फ़ान शख़्सीयत व असरा अज़ अली अल् सलाबी, पृष्ठ 41 अल् फ़सल/المبحث الثالث: ملازمته للنبی ﷺ فی المدینة وفاة ام کلثوم, दारुल मारूफ़ 2006 ई.)

हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो के हाँ नौ हिज्री तक रहीं। इसके बाद वह बीमार हो कर वफ़ात पा गएं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई और उनकी क़ब्र के पास बैठे। हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि उन्होंने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की क़ब्र के पास इस हाल में बैठे हुए देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आँखें आँसू बाहा रही थीं।

(सीरत अमीरुल मोमेनीन उस्मान बिन अफ़्फ़ान शख़्सीयत व असरा अज़ अली अल् सलाबी, पृष्ठ 41 अल् फ़सल/المبحث الثالث: ملازمته للنبی ﷺ فی المدینة وفاة ام کلثوم, दारुल मारूफ़ 2006 ई.)

बुख़ारी की एक रिवायत में इस वाक़िया का इस प्रकार हुआ है कि हिलाल ने हज़रत अनस बिन मालिक रज़ी अल्लाह तआला अन्ना से रिवायत की है, वह कहते हैं कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बेटी के जनाज़े पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़ब्र के पास बैठे हुए थे तो मैंने देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आँखें आँसू बहा रही थीं।

(सही अल् बुख़ारी किताब अल् जनायज़ बाब من يدخل قبر المرأة हदीस नंबर1342)

एक रिवायत में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात पर फ़रमाया यदि मेरी कोई तीसरी बेटी होती तो मैं उसकी शादी भी उस्मान से करवा देता।

(अल् तबकातुल् कुबरा ले इब्ने साद, भाग तृतीय पृष्ठ 41 उस्मान बिन अफ़्फ़ान, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 1990 ई.)

हज़रत इब्ने अब्बास वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक जगह से गुज़रे तो देखा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो वहां बैठे थे और हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा बिंत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात के ग़म में रौ रहे थे। रावी कहते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हमराह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के दोनों साथी अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो भी थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा : हे उस्मान तुम किस वजह से रौ रहे हो? हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया कि हे अल्लाह के रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मैं इस वजह से रौ रहा हूँ कि मेरा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से दामादी का ताल्लुक़ ख़त्म हो गया है। दोनों लड़कियां मेरे से ब्याही गईं, दोनों फ़ौत हो गईं। अब दामादी का ताल्लुक़ ख़त्म हो गया। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मत रौ।

कसम है उस ज़ात की जिस के क़बज़ा क़ुदरत में मेरी जान है कि यदि मेरी सौ बेटियां होतीं और एक-एक करके फ़ौत हो जातीं तो मैं हर एक के बाद दूसरी को तुझ से ब्याह देता यहां तक कि सौ में से एक भी बाक़ी न रहती।

(कंज़ुल अम्माल भाग 13 पृष्ठ 21 किताब अल् फ़ज़ायल, फ़ज़ायल अल् सहाबा, फ़ज़ायल ज़ू नूरैन उस्मान बिन अफ़्फ़ान हदीस नंबर 36201 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2004 ई.)

बहरहाल यह एक मुहब्बत का और ताल्लुक़ का इज़हार था जो दोनों तरफ़ से हुआ। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो को इस बात का ग़म कि अब दामादी का रिश्ता ख़त्म हो गया है लेकिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कमाल दिलजोई फ़रमाते हुए यह यक़ीन देहानी फ़रमाई कि यह ताल्लुक़ तो क़ायम है, तुम इस बात पर परेशान न हो।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस शादी का वर्णन सीरत ख़ातिम नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में यूं फ़रमाया है कि "रुक़य्या बिंत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पत्नी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो बिन अफ़्फ़ान की वफ़ात के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपनी दूसरी लड़की उम्मे कुल्सूम की शादी जो हज़रत फ़ातमा रज़ियल्लाहु अन्हो से बड़ी परंतु रुक़य्या से छोटी थीं, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो से कर दी। इसी वजह से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो को 'ज़ू नूरैन' दो नूरों वाला कहते हैं। उम्मे कुलसूम की यह दूसरी शादी थी क्योंकि वह और उनकी बहन रुक़य्या शुरू में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चचा अबू लहब के दो लड़कों से ब्याही गई थीं परंतु पूर्व इसके कि उनका रुख़स्ताना होता मज़हबी मुख़ालेफ़त की बिना पर यह रिश्ता मुनक़ते हो गया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पहले हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो से रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हो की शादी की और रुक़य्या की वफ़ात के बाद उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी कर दी परंतु अफ़सोस है कि इन दोनों साहबज़ादियों की नसल का सिलसिला नहीं चला क्योंकि उम्मे कुलसूम के तो कोई बचा हुआ ही नहीं और रुक़य्या का साहिबज़ादा अब्दुल्लाह छः साल का हो कर वफ़ात पा गया। उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा का निकाह रबी उलअव्वल तीन हिज्री में हुआ था।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पृष्ठ 463 – 464)

इस अरसा के वाक़ियात में ग़ज़व-ए-बहरान का भी वर्णन है। इसको ग़ज़वा बहरान के इलावा ग़ज़व-ए-फ़ुरुआ ग़ज़व-ए-बनू सालमा भी कहा जाता है। बोहरान वादी फ़ुरुआ के नवाह में अहल-ए-हिजाज़ की एक खनिज पदार्थ की कान है और वादी फ़ुरुआ मदीना से छयानवे मील की दूरी पर स्थित है।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को यह सूचना मौसूल हुई कि बनू सलीम की भारी संख्या बोहरान में जमा है तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अब्दुल्लाह बिन इब्ने मकतूम रज़ियल्लाहु अन्हो को मदीना में अपना नायब निर्धारित फ़र्मा कर जबकि एक और रिवायत के अनुसार हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को अपना नायब निर्धारित फ़र्मा कर तीन सौ सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का लश्कर लेकर बोहरान की तरफ़ निकले जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने निकलने की वजह ज़ाहिर नहीं की और जब इस्लामी लश्कर बोहरान से एक रात के फ़ासले पर पहुंचा तो वहां उन्हें बनू सलीम का एक आदमी मिला। उसने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को बताया कि वे लोग मुंतशिर हो गए हैं। अतः आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस शख़्स को एक सहाबी के सपुर्द कर दिया और आगे रवाना हो गए यहां तक कि बोहरान पहुंच गए। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने वहां किसी को न पाया क्योंकि सब अपने अपने पानी के मुक़ामात की तरफ़ मुंतशिर हो चुके थे। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम वापिस लौट गए और जंग की कोई नौबत न आई। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस ग़ज़वा के लिए छः जमादी ऊला को मदीना से निकले और दस रातें बाहर रहने के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सोला जमादीउल उला को वापस तशरीफ़ ले आए। इसके विपरीत इब्न-ए-इसहाक़ ने यह वर्णन किया है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़ुरैश के तिजारती क़ाफ़िले को रोकना चाहते थे यहां तक कि आप बोहरान पहुंच गए जो हिजाज़ में वादई फुरा के नवाह में एकक ा न है। अतः आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमने वहां रबी उल आखिर और जमादीउल उला के दो महीने क़ियाम फ़रमाया। इसके बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम वापस मदीना तशरीफ़ ले आए। इस दौरान किसी लड़ाई की नौबत नहीं आई।

(उद्धृत शरह अल् ज़रक़ानी आला मवाहेबुल् दुनिया भाग 2 पृष्ठ 382-383 दारुल कुतुब इल्मिया 1996 ई.)

(सीरत इब्ने हशाम पृष्ठ 513 दारुल कुतुब इल्मिया 2001 ई.)

(फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 226 ज़व्वार अकैडमी कराची 2003 ई.)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद रज़ियल्लाहु अन्हो ने ग़ज़व-ए-बोहरान की तफ़सील इस तरह वर्णन की है कि "अभी ग़ज़व-ए-ज़ी उमर पर ज़्यादा अरसा नहीं गुज़रा था अर्थात अवाख़िर रबीउल अव्वल तीन हिज्री में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को वहशत-नाक इत्तिला मौसूल हुई कि बनू सुलेम फिर स्थान बोहरान में मदीना पर अचानक हमला करने की ग़रज़ से बहुत बड़ी संख्या में जमा हो रहे हैं और यह कि उनके साथ क़ुरैश का भी एक जत्था है। नाचार आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फिर सहाबा की एक जमात को साथ लेकर मदीना से निकले, लेकिन हसब-ए-आदत अरब के ये वहशी दरिंदे जो अपने शिकार पर अचानक और ग़फ़लत की हालत में हमला करने का मौक़ा चाहते थे आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आमद आमद की ख़बर पा कर इधर उधर मुंतशिर हो गए और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम कुछ अरसा वहां क़ियाम करके वापस तशरीफ़ ले आए।

बनूसलीम और बनु ग़त्फ़ान का इस तरह बार-बार मदीना पर हमला करने के इरादे से जमा होना साफ़ ज़ाहिर कर रहा है कि सहराए अरब के ये वहशी और जंगजू क़बायल इस्लाम के सख़्त-जानी दुश्मन थे और दिन रात उस फ़िक्र में रहते थे कि कोई मौक़ा मिले तो मुस्लमानों को तबाह और बर्बाद कर दें। ज़रा मुस्लमानों की इस वक़्त की नाज़ुक हालत का अंदाज़ा लगाओ कि उन पर इस ज़माना में कैसे दिन गुज़र रहे थे। एक तरफ़ मक्का के क़ुरैश थे जिनको इस्लाम की अदावत और जंग-ए-बदर के इंतेक़ामी रूह ने अंधा कर रखा था और उन्हों ने ख़ाना काअबा के पर्दों के साथ लिपट लिपट कर कसमें खाई हुई थीं कि जब तक मुस्लमानों को मालिया-मेट न कर लेंगे चैन नहीं लेंगे। दूसरी तरफ़ सहराए अरब के ये ख़ूँख़ार दरिंदे थे जिनको क़ुरैश की अंगेख़्त और इस्लाम की दुश्मनी ने मुस्लमानों के ख़ून की प्यास से बेचैन कर रखा था। इसलिए देखो कि बदर के बाद चंद माह के अंदर अंदर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लमको कितनी दफ़ा बज़ात-ए-ख़ुद उन वहशी क़बायल अरब के ख़ूनी इरादों से अपने आपको महफ़ूज़ करने के लिए सफ़र करना पड़ा। जैसा कि सर विलियम मियूर ने व्याख्या की है। ये दिन भी बहुत सख़्त गरमियों के दिन थे और गर्मी भी अरब के सहरा की थी।

यदि ख़ुदा की विशेष सहायता शामिल न होती और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जागृत बुद्धि मुस्लमानों को हर वक़त होशयार और चौकस न रखती और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम दुश्मन की जमईयत को छापा मारने से क़बल ही मुंतशिर कर देने की तदाबीर इख़तेयार न करते उन दिनों में मुस्लमानों की तबाही वबर्बादी में कोई संदेह नहीं था।

और यह सिर्फ़ बैरूनी ख़तरात थे। बाक़ी अंदरूनी ख़तरात भी किसी तरह कम न थे। ख़ुद मदीना के अंदर मुस्लमानों से मिले जुले रहने वाले मुनाफ़ेक़ीन मौजूद थे जिनको आसतीन का सांप कहना यक़ीनन कोई मुबालग़ा नहीं है। उनके इलावा ग़द्दार और ख़ुफ़ीया साज़िशों के आदी यहूदी लोग थे जिनकी अदावत की गहराई और वुसअत इंतेहा को पहुंची हुई थी। अल्लाह अल्लाह इन आरंभिक मुस्लमानों के लिए यह कैसी मुसीबत के दिन थे! ख़ुद उनकी ज़बान से सुनिए। उबै बिन काब रिवायत

करते हैं इस ज़माना में सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का यह हाल था कि वह डर के मारे रातों को हथियार लगा लगा कर सोते थे और दिन को भी हर वक़त मुसल्लह रहते थे कि कहीं उन पर कोई अचानक हमला न हो जावे और वो एक दूसरे से कहा करते थे कि देखिए हम उस वक़्त तक ज़िंदा भी रहते हैं या नहीं कि जब हम अमन वातमीनान की ज़िंदगी गुज़ारेंगे और ख़ुदा के सिवा हमें किसी का डर नहीं होगा।

इन अलफ़ाज़ मैं किस मुसीबत और किस बे कसी का इज़हार है और अमन और इतमेनान की ज़िंदगी की कितनी तड़प मख़फ़ी है। इस का अंदाज़ा हर इन्साफ़ पसंद शख़्स ख़ुद कर सकता है।"(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पृष्ठ 464 – 465) और यही आजकल भी बाअज़ जगह के हालात हैं और खासतौर पर फिलिस्तीनियों के भी

एक सरिया ज़ैद बिन हारिसा था जिसकी तफ़सील में यह लिखा है कि बनू सुलेम की पसपाई बनू क़ेनुक़ा के देश निकाला, ग़ज़व-ए-सवेक् में अबू सुफ़ियान का भाग जाना और ग़ज़वा बनू ग़त्फ़ान बनू सअ बनू मुहारिब की पसपाई, ये अस्करी तग-ओ--ताज़ अर्थात फ़ौजी बरतरी मदीना की उभरती हुई क़ुव्वत पर दलालत कर रही थी। सबसे बढ़कर ग़ज़व-ए-बदर में अहल-ए-ईमान की कामयाबी और मुशरेकीन की ज़िल्लत आमेज़ शिकस्त की बिना पर आदाए इस्लाम इक़तेसादी मुश्किलात-ओ--मसाइब से बहुत परेशान हुए क्योंकि मक्का से शाम जाने वाली मारूफ़ शाहराह का गुज़र मदीना के मग़रिब में बहीर-ए-अह्मर के साथ साथ था। अबूसुफ़ियान के तिजारती क़ाफ़िले को मुस्लमानों ने इसी रास्ते पर रोकने की कोशिश की थी। मदीना के आस-पास के क़बायल भी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुसालहत कर चुके थे। इसलिए मुशरेकीन-ए-मक्का इस रास्ते को तिजारत के लिए इख़तेयार करने को किसी तरह भी तैयार नहीं थे। अहल-ए-इस्लाम की तरफ़ से मुशरेकीन की मआशी नाका बंदी की वजह से वे लोग इंतेहाई परेशान हुए और शाम के मारूफ़ रास्ते को छोड़कर नए रास्ते की तलाश में रहने लगे। एक रोज़ सफ़ बिन उमय्यह कुफ़्फ़ार--ए-मक्का से कहने लगा कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और इस के साथियों ने हमारा जीना दुशवार कर दिया है। हमारे तिजारती मर्कज़ तक जाने से हमें रोक दिया है। अब हमें कुछ समझ नहीं आ रही कि हम क्या करें। वे तो साहिल समुंद्र से पीछे हटने का नाम तक नहीं लेते। साहिल के अक्सर रिहायश पज़ीर क़बाइल ने भी उनसे मुसालहत और समझौता कर लिया है और वे उनके साथ मिल गए हैं। अब हम जाएं तो किस तरफ़ और करें तो क्या करें। यहीं मक्का में रहे तो हम अपना जमा पूंजी भी खा जाऐंगे। जो कुछ हमारे पास है सब खा जाऐंगे। इसके बाद हमारे पास कुछ नहीं बचेगा जिसके सहारे हम ज़िंदगी गुज़ार सकें। यही माल गर्मी में हम शाम और सर्दी में हब्शा की तरफ़ तिजारत की ग़रज़ से ले जाया करते थे। अब क्या होगा? सफ़ बिन अमय की यह बात सुन कर सब परेशान थे। अस्वद बिन मुत्तलिब ने मश्वरा दिया कि साहिल-ए-समुंद्र का रास्ता छोड़ कर इराक़ की तरफ़ से शाम जाया जा सकता है। सफ़वान ने कहा मुझे तो इस रास्ते का बिल्कुल इलम नहीं। अबू ज़मा ने कहा कि मैं तुझे एक ऐसे रहबर के मुताल्लिक़ बताता हूँ जिसे इस रास्ते की मुकम्मल पहचान है। उसने बताया कि वह फ़ुरात बिन हययान इजली है। वह इस रास्ते से आता जाता रहता है और उसे इस गुज़रगाह से मुकम्मल शनासाई है। सफ़वान ने अल्लाह की क़सम खा कर कहा कि बहुत ख़ूब। मैं तो यही चाह रहा था। फ़ुरात को बुलवाया गया। उस के आने पर सफ़वान ने उसे कहा कि मैं क़ाफ़िला तिजारत लेकर शाम जाना चाहता हूँ। मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमारी तिजारत के हवाले से हमें परेशान कर रखा है क्योंकि हमारे क़ाफ़िले उन्ही के क़रीब से गुज़रते हैं। मैं इराक़ के रास्ते से शाम जाना चाहता हूँ। फ़ुरात ने कहा कि मैं तुम्हें इराक़ के ऐसे रास्ते से लेकर जाऊँगा जहां से अस्हाब-ए-मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को बिल्कुल ख़बर न होगी। यह सुनसान और ग़ैर-आबाद रास्ता है। सफ़वान ने कहा मैं भी यही चाहता हूँ। इसकी ब्याबानी हमारे लिए कोई ज़्यादा परेशानी का सबब नहीं क्योंकि अब सर्दी का मौसम है इसलिए हमें रास्ते में पानी की ज़रूरत बहुत कम ही पड़ेगी जिसे हम बर्दाश्त कर लेंगे।

बहरहाल सफ़र की तैयारी शुरू हो गई। इसके बाद सफ़वान बिन अमय ने क़ाफ़िले की तैयारी के लिए सबको कह दिया। जमा पूँजी अपने साथ ली। चांदी के बर्तन, चांदी की डलियां और अन्य साज़ो सामान भी साथ ले लिया। अबू ज़मआ ने भी सफ़वान को तीन सौ मिस्क़ाल सोना और चांदी की डलियां थमाई ताकि वह उसके लिए ख़रीदारी कर सके। एक मिस्क़ाल सोना तक़रीबन सवा चार ग्राम, 4.37 ग्राम के बराबर है। बहरहाल काफ़ी मिक़दार में था यह। एक रिवायत में यह भी है कि सफ़वान काफ़ी सारा माल लेकर निकला जिसमें चांदी की डलियां और चांदी के बर्तन थे जिनका वज़न तीस हज़ार दिरहम की मालियत का था। अबूसुफ़ियान बिन हर्ब भी अपने साथ कसीर चांदी लेकर निकला और अन्य क़ुरैश के लोगों ने भी अपनी अपनी ख़रीदारी के लिए सोना चांदी इत्यादि काफ्ले में शामिल होने वालों के सपुर्द कर दिया। सफ़वान और अबूसुफ़ियान के इलावा भी कई लोग इस तिजारती क़ाफ़िले के साथ हो लिए जैसे अब्दुल्लाह बिन अबी रबीह। होवैतब बिन अब्दुल अजी इत्यादि। यूं फ़ुरात बिन हय्यान की रहबरी में बरास्ता तरीक़ इराक़, इराक़ के रस्ते से शाम की तरफ़ तिजारत के लिए क़ुरैश का यह क़ाफ़िला रवाना हुआ।

सरिया की तारीख़ और अन्य नाम के बारे में आता है कि यह सरिया जमादीउल हिज्री में पेश आया। सरिया की जगह के लिहाज़ से इस कार्रवाई को सरिया क़रदह भी कहा जाता है। करदा नजद के पानियों में से एक पानी है। क़ुरैश मक्का ने अपनी तरफ़ से पूरी एहतियात से इस रास्ते को इख़तेयार किया जिसका ऊपर वर्णन हो चुका है। उनकी कोशिश यही थी कि किसी तरह भी इसकी ख़बर मदीना न पहुंचे अन्यथा हमारा इस रास्ते से जाना भी मुहाल हो जाएगा लेकिन अल्लाह को कुछ और ही मंज़ूर था। अहल मक्का से तो यह ख़बर छुप नहीं सकती थी। इसलिए नुमान बिन मसऊद अशर को इस योजना का इलम हो गया। इन्ही दिनो में उसे किसी काम से मदीना जाना पड़ा। यह अभी बेदीन और मुशरिक था। उसने मदीना में बनू नज़ीर के सरदार किनअना बिन अबी हुकेक के हाँ क़ियाम किया। उसने उसे शराब पिलाई। एक सहाबी सली बिन नुअमान बिन असलम का बनू नज़ीर के हाँ अक्सर आना जाना रहता था। इस दौरान ये भी वहां आ गए जहां किनाना बिन अबी हकीक और नीईम मजलिस लगाए बैठे थे। नीईम शराब के नशे में धुत था। इसलिए वह अपने ऊपर क़ाबू न रख सका और नशे में ही राज़ फ़ाश कर दिया। उसने सफ़वान बिन उमयया की निगरानी में इराक़ के रास्ते से शाम की तरफ़ जाने वाले तिजारती क़ाफ़िले के विषय में सब कुछ कह दिया। सुलेत बिन नुमान सुन कर बाहर निकले और जा कर ये सब कुछ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ मशवरा किया। रसू-लुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह इत्तिला पाते ही फ़ौरन तैयारी शुरू की और एक सौ शहसवारों का लश्कर रवाना कर दिया। इसका नेतृत्व हज़रत ज़ैद बिन हारिस रज़ियल्लाहु अन्हो के सपुर्द किया।

हज़रत ज़ैद बिन हारिस रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए यह सबसे पहला अवसर था जब उन्हें किसी इस्लामी लश्कर के नेतृत्व पर निर्धारित किया गया और वह इस मुहिम में सफल हुए।

एक रिवायत में है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत ज़ैद बिन हारिसा रज़ियल्लाहु अन्हो को सौ सवारों के साथ भेजा। वह उनकी तरफ़ रवाना हुए और क़ाफ़िले से जा मिले। क़ाफ़िले वालों में से सरदार जंगल की तरफ़ भाग गए। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक या दो आदमियों को क़ैदी बनाया और क़ाफ़िला का सामान लेकर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आ गए। आप सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इसके पाँच हिस्से किए और ख़ुमस की मालियत उस वक़्त बीस हज़ार दिरहम की क़ीमत के बराबर हुई। बाक़ी माल आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सरिया वालों में तक़सीम फ़र्मा दिया।

(दायरा मआरिफ़ सीरत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भाग 6 पृष्ठ 1395-398 मकतबा दारुल मारूफ़ लाहौर)

(किताब अल्मग़ाज़ी लिल्वाकदी भाग 1 पृष्ठ 198 मकतबा आलेमुल कुतुब)

(फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 233 ज़व्वार अकैडमी कराची 2003 ई.)

एक और रिवायत में है कि हज़रत ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हो ने निहायत तेज़ी से रास्ता तै किया और अभी क़ुरैश का क़ाफ़िला बिल्कुल बे-ख़बरी के आलम में करदह नामी एक चशमा पर पड़ाव डालने के लिए उतर रहा था कि उसे जा लिया और अचानक यलग़ार कर के पूरे क़ाफ़िले पर क़बज़ा कर लिया। सफ़वान बिन उमयया और अन्य लोगों को भागने के सिवा कोई चारा कार नज़र न आया। मुस्लमानों ने क़ाफ़िले के राहनुमा फ़ुरात बिन हय्यान को और कहा जाता है कि मज़ीद दो आदमियों को गिरफ़्तार कर लिया। बर्तनों और चांदी की बहुत बड़ी मिक़दार जो क़ाफ़िले के पास थी और जिसका अंदाज़ा एक लाख दिरहम था बतौर ग़नीमत हाथ आई। रसू-लुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़ुमस निकाल कर माल-ए-ग़नीमत लश्कर के अफ़राद में तक़सीम कर दिया। क़ुरैश के रहबर फ़ुरात बिन हियान ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दस्त-ए-मुबारक पर इस्लाम क़बूल कर लिया।

(अल् रहीक् अल्मुख़्तूम पृष्ठ 337 मकतबा सलफ़ी्या) फिर उसकी बाक़ी बातें इंशा-ए-अल्लाह आगे।

यह जो क़ाफ़िले चलते थे उनको जो रोकना था यह इसलिए था कि वे मुस्लमानों के ख़िलाफ़ जंगों की तैयारी के लिए सामान इकट्ठा करते थे। आजकल के ज़माने में जिस तरह sanctions लगाई जाती हैं यह इसी तरह की एक किस्म थी। यह तो अपने उद्देश्य हासिल करने के लिए करते हैं बल्कि कुछ जगह तो ग़लत किस्म की लगा देते हैं। उदारणतः अमरीका ने योगंडा पर sanctions इसलिए लगा दें कि उन्होंने पार्लीमैंट में LGBT के ख़िलाफ़ क़ानून पास किया है। गो यह नाम नहीं लेते लेकिन असल अंदर से यही बात है। तो उन लोगों का तो यह हाल है। इस्लाम पर उन्होंने क्या एतराज़ करना है। बहरहाल ये बातें इंशा अल्लाह आइन्दा भी होंगी

फिलिस्तीन के मज़लूमों के लिए मैं दुआ के लिए दुबारा कहता हूँ।

अब कम से कम इतना हुआ है कि कुछ ग़ैर मुस्लिम और कुछ सियास्तदान डरते डरते ही कुछ न कुछ इस ज़ुलम के ख़िलाफ़ बोलने लग गए हैं बल्कि अब तो कुछ यहूदियों ने भी इस अमल से बेज़ारी का इज़हार किया है और इसराईली हुकूमत को कहा है कि हमें बदनाम क्यूँ-कर रहे हो। तो बहरहाल छोटी छोटी आवाज़ें कहीं न कहीं से ग़ैरों में भी उठने लग गई हैं। अब ये कहते हैं कि चार घंटे के लिए रोज़ाना जंग रोकें जिसको pause का नाम उन्होंने दिया है ताकि फिलिस्तीनियों तक मदद पहुंच सके। अल्लाह तआला बेहतर जानता है कि इस पर कितना अमल होगा और बाक़ी जो बीस घंटे का वक़्त है इस में उन्होंने फिलिस्तीनियों पर कितने ज़ुलम करने हैं। अल्लाह बेहतर जानता है कितनी बमबार मिनट करेंगे।

अक्सर बड़ी हुकूमतें और सियास्तदान भी फिलिस्तीनियों की जानों को कोई महत्त्व नहीं दे रहे। उनके अपने मुफ़ादात हैं लेकिन बहरहाल उन लोगों को भी याद रखना चाहिए कि अल्लाह तआला भी एक वक़्त तक ढील देता है और केवल यही दुनिया नहीं, अगला जहान भी है।

ये समझते हैं कि यहां इस दुनिया में हमने फ़ायदे उठा लिए तो सब कुछ हासिल हो जाएगा। इस दुनिया में भी पकड़ हो सकती है और अगले जहान में भी पकड़ होगी। बहरहाल हमें भी दुआओं की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए। अल्लाह तआला उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों की दाद रस्सी करते हुए उन्हें इन ज़ुल्मों से नजात दिलवाए।

इस वक़्त नमाज़ के बाद मैं जनाज़े ग़ायब भी पढ़ाऊंगा पहला जनाज़ा एक जनाज़ा है मंसूरा बासमा साहिबा का, जो हमीदुर्रहमान ख़ान साहब की पत्नी थीं पिछले दिनों उनकी वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। यह नवाब अब्दुल्लाह ख़ान साहब और हज़रत साहबज़ादी अमतुल हफ़ीज़ बेगम साहिबा रज़ियल्लाहु अन्हो की पोती थीं। हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा शरीफ़ अहमद रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत बोज़ेंब बेगम साहिबा की नवासी थीं। मियां अब्बास अहमद ख़ान साहब और अमतुल बारी बेगम साहिबा की बेटी थीं। अल्लाह के फ़ज़ल से मूसिया भी थीं। अच्छी नेक फ़ितरत ख़ातून थीं।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रहमहुल्लाह ने उनके निकाह का जब ऐलान फ़रमाया तो जो ख़ुत्बा दिया इस में कुछ नसाएह भी थीं। इसलिए मैं ख़ुत्बा का कुछ हिस्सा सुना भी देता हूँ। आप रहमहुल्लाह ने फ़रमाया कि निकाह के साथ लड़की और लड़के पर ऐसी नई ज़िम्मेदारियाँ आयद होती हैं जो इससे क़बल उन पर आयद नहीं थीं। फ़रमाया एक तो मियां बीवी की बाहमी ज़िम्मेदारियाँ हैं अर्थात पति की बीवी पर और बीवी की पति पर और दूसरे दोनों ने मिलकर कुछ ज़िम्मेदारियाँ निभानी हैं जिनका ताल्लुक़ उनकी औलाद से होता है। जहां तक औलाद से ताल्लुक़ है कुछ ज़िम्मेदारियाँ बटी होती हैं। माँ बच्चे को दूध पिलाती है, बाप नहीं पिलाता। बाप घर से बाहर बच्चे का ख़्याल रखता है कि इस में आवारगी पैदा न हो। औरत की ज़िम्मेदारी घर की हदूद के अंदर से ताल्लुक़ रखती है। बहरहाल दोनों यदि अपने ये हुक़ूक़ अदा करें तो बहुत सारी क़बाहतों से आज भी हमारे बच्चे बच सकते हैं। फिर आप ने फ़रमाया कि जो आयात हम इस अवसर पर पढ़ते हैं इस किस्म की नई ज़िम्मेदारियों की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए अल्लाह तआला ने फ़रमाया कि एक तो ज़रूरी है कि يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا رَبَّكُمُ (निसा : 2) यहां आयत में اتَّقُوا اللّٰهَ भी है और बहुत सेcontext में तक़्वा का वर्णन है लेकिन इस आयत में जो निकाह के अवसर पर पढ़ी जाती है रब का तक़्वा। और ये रब का तक़्वा कि जिस तरह अल्लाह तआला अपने बंदों की रबूबियत करने वाला है तुम दोनों की रबूबियत करने वाला है। इसी तरह तुम पर भी रबूबियत की ज़िम्मेदारियाँ कुछ नई पड़ने वाली हैं और इसी सूरत में तुम अदा कर सकोगे जब तुम हक़ीक़ी रब,अल्लाह का तक़्वा इख़्तेयार करोगे। दूसरे यह कि यह रिश्ता बड़ा नाज़ुक होता है। बहुत सी ग़लत-फ़हमियाँ, बे एहतियातियों के नतीजा में पैदा हो सकती हैं और इस के बचाओ के लिए हमें हुक्म दिया गया कि قُوْلُوْا قَوْلًا سَدِيْدًا(अब:71) कि महिज़ सच्च से यहां काम नहीं बनेगा बल्कि ऐसे बोल जिनमें किसी किस्म की कजी नहीं होगी, सीधे होंगे इस राह को यदि तुम इख़्तेयार करोगे तो तुम्हारे मध्य कोईmisunderstanding कोई रंजिश पैदा नहीं होगी। और तीसरे ये कि وَلْتَنْظُرْ نَفْسٌ مَّا قَدَّمَتْ لِغَدٍ (अल् हशर : 19) तुम्हारे बड़ों ने मुस्तक़बिल का ख़्याल रखते हुए तुम्हारी तर्बीयत की और तुमने अपने मुस्तक़बिल का ख़्याल रखते हुए अपने बच्चों की तर्बीयत करनी है। यह जो मुस्तक़बिल है जिसका ताल्लुक़ उस तर्बीयत से है जो माँ बाप बच्चों की करते हैं यह हर नसल का अलैहदा मुस्तक़बिल है। यह एक ही किस्म का मुस्तक़बिल नहीं। इस वास्ते कि दुनिया और दुनिया का समाज हरकत में है। फ़रमाया अब ज़माना बदल के कुछ का कुछ बन गया है। वह इन्क़िलाब इअज़ीम जिसकी हमेशा बशारत दी गई थी उसके आसार उफ़ुक़ पर हमें नज़र आ रहे हैं। इसलिए आज बाप की ज़िम्मेदारी विभिन्न है इस ज़िम्मेदारी से जो हमारी ज़िम्मेदारी थी बल्कि ज़्यादा एहतियात के साथ ज़्यादा वुसअतों वाली ज़िम्मेदारियों को मद्द-ए-नज़र रखते हुए अपने बच्चों की ज़िम्मेदारी उठानी है ताकि अहमदियत की तर्बीयत का, वह तर्बीयत जिसका ताल्लुक़ सारी दुनिया के साथ है बोझ पड़े आने वाली नसल पर, तो हर आने वाली नसल उसको उठाने के लिए तैयार हो। आपने फ़रमाया कि अल्लाह तआला हमें इन चीज़ों को समझने और उन पर अमल करने की तौफ़ीक़ करे।

फिर आप ने फ़रमाया कि जिस निकाह के लिए मैं खड़ा हुआ हूँ एक अज़ीज़ा बच्ची का है जो हमारे छोटे फूफा नवाब अब्दुल्लाह ख़ान की पोती और फूफी अमतुल हफ़ीज़ बेगम साहिबा की पोती है। आप ने फ़रमाया हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की चौथी नसल शुरू हो गई है। हज़रत मिर्ज़ा शरीफ़ अहमद साहिब की यह नवासी है। आपने फ़रमाया कि और इस दूसरे रस्ते से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से इसका ताल्लुक़ है। ज़िम्मेदारियाँ दोहरी हैं। यदि ज़िम्मेदारियाँ दोहरी हैं, यदि हमारे लिए बशारात भी दोहरी हैं तो इसलिए इंज़ार भी दोहरा है। और फिर आपने समझाया ख़ानदान के बच्चों को और बड़ों को भी कि उनको अपनी ज़िम्मेदारियों को समझना चाहिए क्योंकि यदि दोहरी ज़िम्मेदारियाँ अदा नहीं करेंगे तो फिर दोहरे इंज़ार को भी देखना होगा। अल्लाह तआला करे कि ख़ानदान के बड़े और बच्चे इस बात को समझने वाले हों।

फिर आप ने फ़रमाया कि मैं जब किसी ऐसे निकाह का ऐलान करता हूँ जिसमें बच्चे और बच्ची का ताल्लुक़ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ हो रिश्ते के लिहाज़ से तो मेरी तबीयत में फ़िक्र भी पैदा होती है और दुआओं की तरफ़ रुजहान पैदा होता है कि अल्लाह तआला उनको इस मुक़ाम को पहचानने की तौफ़ीक़ अता करे कि वह ख़ादिम होने के लिहाज़ से दूसरे से विभिन्न हैं और उनको ज़्यादा बड़े ख़ादिम बन कर दुनिया में अपनी ज़िंदगी गुज़ारनी चाहिए।

(उद्धृत ख़ुत्बाते नासिर भाग दहम पृष्ठ 710 से 713 ख़ुत्बा निकाह 5 अक्तूबर 1981 ई.)

बहरहाल यह नसीहत वाले अलफ़ाज़ थे इसलिए मैंने वर्णन भी कर दिए। अज़ीज़ा बासमा मंसूरा की ज़ाती ज़िंदगी के बारे में उनकी बेटी राबिया ने लिखा कि बचपन में ही अल्लाह मियां से हमारा परिचय करवाया। अपने नसीब के लिए दुआ पर-ज़ोर देतीं। अक्सर कहतीं कि दुआ किया करो अल्लाह तआला तुम्हारा अच्छे लोगों से वास्ता डाले और इस दुआ का मतलब फिर हमें बड़े हो कर समझ आया, बचपन में तो समझ नहीं आता था। कहती हैं मेरी अम्मी लोगों से बहुत प्यार करने वाली थीं। अपने नफ़्स की क़ुर्बानी कर के लोगों का ख़्याल रखती थीं और यही हक़ीक़त भी है। बज़ाहिर लोगों को यह तास्सुर मिलता कि वे अपनी जान पर ख़र्च करने वाली हैं, लेकिन नहीं। वे ख़ुद की क़ुर्बानी करतीं और दूसरों का ख़्याल रखतीं। उदाहरणतः जलसे पर लंदन भी आतीं तो ग़रीबों के लिए तोहफ़े लेकर जातीं। अपने लिए कुछ न लेतीं। एक लड़की को पाला भी और इस की अच्छी तर्बीयत की फिर उस की शादी भी की। इसके इलावा भी बहुत सारी लड़कियों की शादियां कीं। और घर में भी आना जाना लोगों का रहता था। हमसाइयों को भी खाना इत्यादि भेजती रहती थीं। एक लंगर ख़ाना ही चलता था यहां तक कि बाहर सड़क पर झाड़ू देने वाला आदमी था वह भी खाने के वक़्त उनके पास ही आ के खाना खाया करता था। बहुत सौ के उन्होंने वज़ीफ़े लगाए हुए थे। यदि उनको कहते कि अपने लिए भी कुछ जमा करें तो कहती हैं मैंने कल के बारे में कभी नहीं सोचा। अल्लाह तआला मेरी माली ज़रूरीयात का मालिक है। वाकिफ-ए-ज़िंदगी का बहुत अदब करतीं, बहुत इज़्ज़त करतीं, उनका ख़्याल रखतीं। जो रिश्तेदार वाकफ़ीन ज़िंदगी हैं उनसे ताल्लुक़ रखतीं, दावत करतीं और कहती हैं हमें भी कहा करती थीं कि वाक़फ़ीन-ए-ज़िंदगी तो क़ुर्बानी करते हैं, उनका ख़्याल रखना चाहिए। हर रिश्ता बड़ी ख़ूबी से निभाया। हमेशा यह कहती थीं कि मैं यह नहीं सोचती कि दूसरे ने मेरे साथ क्या-किया। मैं तो जब भी हो, कभी ग़लती होती और ज़्यादती हो भी जाती है तो माफ़ी मांगने में पहल करतीं। मुलाज़िम को भी डाँटतीं तो इस से भी माफ़ी मांग लेतीं और इनाम देतीं।

उनके दामाद मिर्ज़ा तक़ीउद्दीन कहते हैं कि बड़ी छोटी उम्र में उन्होंने वसीयत भी की थी। मैंने भी देखा। वसीयत फ़ार्म देख के पहले मैं हैरान था कि तक़रीबन चौदह साल की उम्र में उन्होंने वसीयत कर दी थी। कहते हैं कि उन्होंने बचपन का ख़ाब सुनाया था। उन्होंने ख़ाब में देखा कि मैं अल्लाह का पांव सख़्ती से पकड़ के रो रही हूँ और कहती थीं कि जब मैं बेदार हुई तो मैं वाक़ई रो रही थी। कहती हैं कि अब तक अल्लाह तआला मेरे सारे काम पूरे कर देता है।

यहां उनकी एक वाक़िफ़ हैं रूही शाह साहिबा। वह कहती हैं कि दोस्ती यदि करतीं तो ख़ूब निभातीं। बड़ी शुक्रगुज़ार तबीयत की मालिक थीं। अल्लाह तआला की रज़ा पर राज़ी रहने वाली, उसकी नेअमतों का शुक्र अदा करने वाली थीं और लोगों से

एहसान का सुलूक करतीं। फिर शुक्रगुज़ारी बहुत करतीं, इतनी ज़्यादा कि इन्सान शर्मिंदा हो जाता।

उनकी भावजा ताहिरा फ़ारूक़ साहिबा कहती हैं कि भाभी की बजाय मुझे दोस्त और बहन बना के रखा। बेलौस मुहब्बत करने वाली खरी शख़्सियत की मालिक थीं। रिश्ते निभाने आते थे। जो अपने लिए पसंद करतीं वही दूसरे के लिए पसंद करतीं और कभी कोई बात दिल में नहीं रखती थीं। साफ़, खरी बातें कहने वाली थीं। नमाज़, रोज़ा की पाबंद, क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत करने वाली, ख़िलाफ़त के साथ बे-इंतिहा ताल्लुक़ और वाबस्तगी थी। जमाअती कामों में जो भी सपुर्द कर दिए जाते दिलचस्पी लेतीं। अल्लाह तआला उनसे मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनके बच्चों को भी उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। उनके जो पति हैं उन्हें भी सब्र और हौसला दे और बच्चों को भी सब्र और हौसला दे।

दूसरा जनाज़ा चौधरी रशीद अहमद साहिब का है जो ज़रई यूनीवर्सिटी फैसला-बाद में साबिक़ डिप्टी रजिस्ट्रार थे। आजकल अमरीका में थे। उनकी भी पिछले दिनों वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। यह भी अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से मूसी थे।

